# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 02.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच की सीसीएस की विशेष बैठक, देश में जरूरी चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।
2. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने झारखंड में 357 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क अवसंरचना परियोजनाओं को दी मंजूरी।
3. झारखंड ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में हासिल की बड़ी उपलब्धि, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन में बना देश का तीसरा राज्य।
4. हजारीबाग में बच्ची की हत्या का खुलासा , मृतका की मां समेत 3 गिरफ्तार, अंधविश्वास में अपराध को दिया अंजाम।
5. और खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड का शानदार प्रदर्शन जारी, एथलेटिक्स में तीसरे दिन दो गोल्ड समेत जीते पांच पदक, कबड्डी टीम फाइनल में पहुंची।

और अब समाचार विस्तार से ।

*************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के कार्यक्रमों की समीक्षा करने और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से संबंधित पहल पर विचार विमर्श करने के लिए सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति –सीसीएस की विशेष बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान, प्रधानमंत्री ने आम आदमी के लिये आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता का आकलन किया। उन्होंने देश में उर्वरकों की उपलब्धता और खरीफ तथा रबी फसलों के दौरान इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि चल रहे संघर्ष के प्रभाव से नागरिकों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। श्री मोदी ने सभी संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिया कि वे वर्तमान वैश्विक स्थिति से प्रभावित नागरिकों और क्षेत्रों की समस्याओं को कम करने के लिए हर संभव उपाय करें।

*************************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल का भंडार वर्तमान में पर्याप्त है।

*************************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई ने झारखंड में 357 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें रांची–महुलिया खंड का सुदृढ़ीकरण और जमशेदपुर क्षेत्र में अंडरपास और एक फ्लाईओवर का निर्माण शामिल है। एनएचएआइ ने बताया कि रांची–महुलिया कॉरिडोर के अंतर्गत एनएच–33 के रामपुर–महुलिया खंड पर सुदृढ़ीकरण और ओवरले का कार्य 277.15 करोड़ रुपये की स्वीकृत निविदा लागत पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एनएचएआई ने फुलडुंगरी में एक लाइट व्हीकुलर अंडरपास (एलवीयूपी), चांडिल में एक फ्लाईओवर और बहरागोरा में एक व्हीकुलर अंडरपास (वीयूपी) के निर्माण को 80 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से मंजूरी दी है।

*************************

झारखंड विधानसभा सचिवालय ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए विभिन्न स्थायी समितियों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। गांडेय की झामुमो विधायक कल्पना सोरेन महत्वपूर्ण महिला एवं बाल विकास समिति और बरही के कांग्रेस विधायक मनोज कुमार यादव लोक लेखा समिति के अध्यक्ष होंगे। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कुल 25 समितियों का गठन किया है।

*************************

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण के अनुरूप कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई को भारतीय भाषाओं में लागू करने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में तीसरी से आठवीं कक्षा तक कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उन्होंने ये बात कही।

*************************

इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का ऐलान किया है। यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में तेज उछाल के बाद लिया गया है। कंपनी की ओर से जारी नई दरें आज से लागू हो जाएंगी

*************************

झारखंड स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन में देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक को लेकर हुई समीक्षा बैठक में यह बातें सामने आई। इस दौरान बताया गया कि मार्च 2025 तक जहां सिर्फ 8 प्रतिशत स्वास्थ्य केंद्र ही राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्रमाणित थे, वहीं मार्च 2026 तक यह आंकड़ा बढ़कर 56 प्रतिशत हो गया है। राज्य सरकार ने दिसंबर 2026 तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणित कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

*************************

बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल ने पिछले वित्तीय वर्ष की समीक्षा करते हुए कहा कि बीता साल कई चुनौतियों से भरा रहा है। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि अब लक्ष्य सिर्फ तय टारगेट हासिल करना नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में नए बेंचमार्क स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि हर कर्मचारी का सुरक्षित घर लौटना ही सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

*************************

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ में बच्ची की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें बच्ची की मां भी शामिल है। पुलिस प्रशासन ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद साक्ष्य छुपाने और मामले से ध्यान भटकाने के लिए इसे अलग रंग देने की कोशिश की गई। उत्तरी छोटा नागपुर रेंज के डीआईजी अंजनी कुमार झा ने बताया कि बच्ची की हत्या अंधविश्वास को लेकर की गई।

*************************

राजधानी समेत राज्य के कई जिलों में अगले चार से पांच दिन आंधी चलने और गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस बीच राज्य में कहीं–कहीं वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

*************************

छत्तीसगढ के जगदलपुर में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेलो की एथलेटिक्स स्पर्धा में कल झारखंड के एथलीटों ने 2 स्वर्ण , 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। हॉकी महिला वर्ग में झारखंड टीम ने कांस्य पदक जीता इसके साथ ही झारखंड की झोली में अब तक 9 स्वर्ण , 3 रजत और 8 कांस्य पदक समेत 20 पदक आये हैं । इधर झारखंड महिला कबड्डी टीम 39– 36 से विदर्भ को पराजित कर फाइनल में पहुंची

*************************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने हजारीबाग के विष्णुगढ़ हत्याकांड के खुलासे के साथ मध्यपूर्व में युद्ध की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– ईरान ने बहरीन में डाटा सेंटर पर दागी मिसाइल , ट्रंप के संकेत – दो सप्ताह में युद्ध खत्म।

प्रभात खबर लिखता है– राष्ट्रपति , पीएम ने जनगणना के तहत की स्व– गणना ।

अब एआई , कंप्यूटेशन थिंकिंग भी पढ़ेंगे बच्चे , इस खबर को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है

दैनिक भास्कर ने लिखा है–कंप्यूटर से छेड़छाड़ की घटना के बाद रामगढ़ के राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में जेईईइ मेन – 2 परीक्षा लेने पर रोक

*********समाप्त************